**ROLL NO.**

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, बीना म.प्र.
## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र वार्षिक परीक्षा (2023-24)

कक्षा-6वीं
समय : 02घंटे

विषय-हिन्दी
पूर्णांक-50

**सामान्य निर्देश :-**

**1. इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड है क, ख, ग, और घ**

**2. सभी खण्ड अनिवार्य हैं।**

**3. प्रश्न पत्र के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखें।**

**4. उत्तर पुस्तिका में उत्तर का वही क्रम संख्या लिखे जो प्रश्न पत्र में है।**

## (खण्ड "क")

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** **1 X 5 = 05**

समय बहुत मूल्यावान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकंड के सौवे हिस्से से पदक चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी एक मिनट के विलंब से छूट जाती है। आजकल तो कई विद्यालयों में देरी से आने पर विद्यालय में प्रवेश भी नहीं करने दिया जाता। छात्रों को तो समय का मूल्य और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि इस जीवन की कद्र करके वे अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं।

(क) उपरोक्त गद्यांश में कीमती किसे माना गया है?
(i) जीवन को
(ii) अनुशासन को
(iii) समय को
(iv) खेल को

(ख) किसने सुख के साथ जीवन गुजारा
(i) जिसने दुनिया में खूब धन कमाया
(ii) जिसने मीठी बाणी बोली
(iii) जिसने समय की कद्र की
(iv) जिसने समय को बर्बाद किया

(ग) सेकंड के सौवें हिस्से से पदक कौन चूक जाता है
(i) खिलाड़ी जिसने मामूली अंतर से पदक गंवा दिया हो
(ii) वह यात्री जिसकी ट्रेन छूट गई
(iii) उपर्युक्त दोनों लोग
(iv) इनमें कोई नहीं

(घ) छात्रों को समय की कद्र करने से क्या लाभ होता है?
(i) वे स्वस्थ हो जाते हैं।
(ii) वे मेधावी बन जाते हैं।
(iii) वे सभी विषयों में 100% अंक प्राप्त करते हैं।
(iv) वे लोकप्रिय हो जाते हैं।

(ङ) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा
(i) समय का मूल्य
(ii) जीवन का लक्ष्य
(iii) विद्यार्थी जीवन में समय का महत्त्व
(iv) अनुशासन

प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 1 X 5 = 05

साँस चलती है तुझे
चलना पड़ेगा ही मुसाफिर!

चल रहा है तारकों का
दल गगन में गीत गाता,
चल रहा आकाश भी है
शून्य में भ्रमताभ्रमाता-,
पाँव के नीचे पड़ी
अचला नहीं, यह चंचला है,
एक कण भी, एक क्षण भी
एक थल पर टिक न पाता,
शक्तियाँ गति की तुझे
सब ओर से घेरे हुए है;
स्थान से अपने तुझे
टलना पड़ेगा ही, मुसाफिर!
साँस चलती है तुझे
चलना पड़ेगा ही मुसाफिर!

1 मुसाफिर की क्या चल रही है-स

क - गाड़ी
ख - साँस
ग – दवाइयाँ
घ – परीक्षा

2 अचला शब्द का अर्थ होता है-

क – आकाश
ख – चला
ग – पवन
घ - पृथ्वी

3 मुसाफिर को कौन- सी शक्तियाँ घेरे हुए हैं-

क – विदेशी
ख - स्वदेशी
ग - गति की
घ – गीत की

4 'यात्रा और यात्री' कविता किसने लिखी -

क - सोहनलाल द्विवेदी ने　　ख - माखनलाल चतुर्वेदी ने

ग - हरिवंश राय बच्चन ने　　घ – प्रेमचंद ने

5 'क्षण' शब्द का अर्थ होता है-

क – पत्थर　　ख - पल

ग – पत्ता　　घ – चार

## (खण्ड "ख ")

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिये :-　　1 X 10 = 10

(1) आधे घंटे बाद स्वामीनाथन पिताजी के कमरे में क्या लेकर बैठा था ?

(अ) पेन-पेन्सिल　　(ब) रबड़- पेंसिल

(स) कॉपी　　(द) स्लेट-पेंसिल

(2) हवा का पर्यायवाची क्या है-

(अ) अनिल　　(ब) अनल

(स) नवीन का विलोम क्या होगा　　(द) तम

(3) नीचे दिए गए शब्द-समूह में से सही शब्द चुन कर लिखिए -

(अ) क्योकी　　(ब) क्योंकि

(स) कयोकी　　(द) क्योई

(4) यह पत्र पढ़कर कौन नवीन स्फूर्ति का अनुभव करेगा ?

(अ) मित्र　　(ब) बच्चे

(स) खिलाडी　　(द) माता-पिता

(5) यात्रा में नेहरू जी को कैसा अनुभव हुआ ?

(अ) दिल लुभाने वाला　　(ब) दिल दहला देने वाला

(स) दिल बहलाने वाला　　(द) दिल बुझाने वाला

(6) बेटा मुझे महीने में कुछ रूपया दे दिया करो ,किसने किससे कहा ?

(अ) मौसी ने जुम्मन से　　(ब) मौसी ने मौसा जी से

(स) मौसी ने अलगू से　　(द) जुमान ने अलगू से

(7) जिन शब्दों से किसी कार्य के होने, करने अथवा किसी स्तिथि का बोध हो , उन्हें क्या कहते हैं ?

(अ) प्रविशेषण (ब) विशेषण

(स) क्रिया (द) कारक

(8) नुक्ता प्रयोग शब्द को चयन कीजिये -

(अ) चंचल (ब) ज़हाज

(स) चन्चल (द) चनचल

(9 ) जाति वाचक संज्ञा है-

(अ) नदी (ब) गंगा

(स) नर्मदा (द) कोमल

(10) कर्म कारक का चिहन है -

(अ) के (ब) को

(स) पर द) के लिए

## खण्ड "ग"

प्रश्न 4. लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिये :- (कोई 4) 2 x 04 = 08

(क) घर आँगन सुन्दर क्यों लग रहा है ?

(ख) अलगू चौधरी अपना नाम सुनकर असमंजस में क्यों पड़ गया ?

(ग) मुसाफिर को किस यात्रा पर चलाना पड़ेगा ?

(घ) कवि ने श्रम का सम्मान करने के लिए क्यों कहा है ?

(ङ) पिताजी से स्वामीनाथन को क्या करने का आदेश दिया ?

प्रश्न 5. लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-45 शब्दों में लिखिये : - (कोई 3) 3 x 03 = 09

(क) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पैरालंपिक खेलो का आयोजन कैसे होता है ?

(ख) अमरनाथ की गुफा अनदेखी क्यों रहा गई ?

(ग) भारत को स्वर्ग समान किस प्रकार बनाया जा सकता है ?

(घ) 'अचला' पृथ्वी को चंचला क्यों कहा गया है ?

# खण्ड "घ"

**प्रश्न 6 दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग (80-100) शब्दों में लिखिये :-** **03**

1 **ग्रीष्म या वर्षा ऋतू वर्णन करते हुए लिखिए कि इन ऋतुओ में प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन दिखाई देता है ?**

**या**

**जीवन में नियमो का पालन करने का क्या महत्व है और इससे आप जीवन में क्या-क्या प्राप्त कर सकते है ?**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये :-** **05**

**(क) विज्ञान के चमत्कार**

**(ख) समय का सदुपयोग**

**(ग) परिश्रम ही उन्नति का आधार है**

**प्रश्न 8. ग्रीष्म अवकाश के दौरान (चार दिन के लिए ) ट्रैकिंग अभियान पर जाने के लिए छठी कक्षा के विद्यार्थियों को सूचित करते हुए प्रधानाचार्य किऔर से एक सूचना लिखिए –** **05**

**अथवा**

**आप छट्टियों में क्या करना पसंद करेंगे ? इसके बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।**

******************BEST WISHES!! **********************